



# करोड़ों के विकास कार्यों की सीएम देंगे सौगात, महाकाल वन मेले का भी होगा आगाज

## दशहरा मैदान में आज से श्री महाकाल वन मेले 2026 का होगा शुभारंभ, 6 कार्यों का भूमिपूजन, 3 का लोकार्पण

**उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 11 फरवरी को उज्जैन जिले को 1166.61 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें 1162.60 करोड़ रुपए की लागत से 6 कार्यों का भूमिपूजन तथा 4.01 करोड़ रुपए की लागत से नगर निगम के 3 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।**



प्रस्तावित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 12 बजे हरियाखेड़ी में नगर निगम की 1133.67 करोड़ रुपए की लागत की हरियाखेड़ी जलप्रदाय योजना का भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे कालिदास संस्कृत अकादमी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर आमसभा को संबोधित करेंगे।

इस अवसर पर 16 डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियों एवं 5 अन्य वाहनों का लोकार्पण (लागत 2.36 करोड़ रुपए), नवीन वायरलेस हैंडसेट का लोकार्पण (0.75 करोड़ रुपए), रामघाट छोटा पुल पेयजल लाइन शिफ्टिंग कार्य का भूमिपूजन (6.12 करोड़ रुपए), सीएनजी से संचालित एनिमल कारकस प्लांट का भूमिपूजन (2.49 करोड़ रुपए), नगर वन क्षिप्रा विहार का लोकार्पण (0.90 करोड़ रुपए), स्मार्ट सिटी के माध्यम से स्केटिंग रिंग का भूमिपूजन (1.32 करोड़ रुपए), भैरवगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन (3 करोड़ रुपए) तथा जीवाजीगंज सिविल अस्पताल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन (16 करोड़ रुपए) किया जाएगा।

### वन मेले का शुभारंभ-समृद्ध वन खुशहाल जन-कलेक्टर ने किया दौरा

इसके बाद सायं 4 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरा मैदान में आयोजित श्री महाकाल वन मेला उज्जैन 2026 का शुभारंभ करेंगे। यह मेला 11 से 16 फरवरी तक मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। वन मेले का विषय समृद्ध वन, खुशहाल जन रखा गया है। यह मेला अकाष्ठीय वनोपज के सतत उपयोग के माध्यम से वन-आधारित समुदायों की आजीविका सुदृढ़ करने, हर्बल संपदा के प्रदर्शन तथा वन-आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। मेले में वन धन केंद्रों, स्व-सहायता समूहों, जिला वनोपज सहकारी यूनियनों और हर्बल उद्यमों द्वारा विविध वन एवं हर्बल उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक कलाएं एवं पारंपरिक व्यंजन भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इधर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने दशहरा मैदान एवं कालिदास संस्कृत अकादमी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बेरिकेटिंग, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल एवं यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला वन मंडल अधिकारी अनुराग तिवारी, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहन की जांच की

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत सर्वेक्षण की घड़ी नजदीक है नगर निगम का संपूर्ण अमला प्रातः काल सफाई व्यवस्था की मॉनेटरी हेतु वार्डों में निकलता है साथ ही निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा भी प्रातः काल फील्ड में निकलते हुए सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 07 में पहुंचकर वार्ड में संचालित कचरा कलेक्शन वाहन में सेग्रीगेशन का निरीक्षण करते हुए कचरा गाड़ी पर कार्यरत हेल्पर एवं आईईसी मेंबर को गिला एवं सूखा कचरा अलग-अलग संग्रहित करने के निर्देश दिए। आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि वार्ड में संचालित कचरा कलेक्शन वाहन में घरों से निकलने वाला कचरा अलग-अलग गीला एवं सूखा लिया जाए, मिक्स कचरा किसी भी स्थिति में नहीं लिया जाएगा, जो मिक्स कचरा देते हैं उन्हें समझाइश दी जाए। यदि समझाइश के बाद भी नहीं माने तो संबंधित पर चालानी कार्रवाई करें, वार्डों में नालियों की सफाई नियमित रूप से की जाए, सफाई मित्रों द्वारा सफाई कार्य के पश्चात जो कचरे का ढेर इकट्ठा किया जाता है उसे तत्काल उठाया जाए अनावश्यक रूप से कचरा सड़कों पर नहीं रखा होना चाहिए। निगम आयुक्त मिश्रा के निर्देश अनुसार प्रातः 07 बजे अपर आयुक्त, उपायुक्त एवं वार्ड नोडल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने वार्डों में निकल कर सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

# स्मार्ट सिटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर निर्देश दिए



**उज्जैन। उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने स्मार्ट सिटी लिमिटेड को शहर के लोगों के जीवन को सरल बनाने वाले प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा और हेलमेट के प्रति जागरुक करने और यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों में सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से प्रचार करने के निर्देश दिए।**

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने स्मार्ट सिटी के माध्यम से किए जा रहे कार्यों में विक्रम कीर्ति मंदिर संग्रहालय का उन्नयन, वीर भारत संग्रहालय, नृसिंह घाट तिराहा से राम घाट तक सड़क निर्माण, भारत माता मंदिर से अहिल्याबाई पार्किंग सड़क निर्माण, महाकाल पार्किंग से चौबीस खंबा मंदिर तक सड़क निर्माण, मोदी का चोपड़ा (बावडी) जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य, स्नेक पार्क, बांगड़ भवन के सभागार का नवीनीकरण और सीटिज-2.0 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि स्मार्ट सिटी के माध्यम से सड़क सुरक्षा और यातायात प्रबंधन को लेकर नए प्लान तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहर में लोगों के जीवन को कैसे सरल बनाया जाए, इसके लिए भी प्लान तैयार करें और आवश्यकता हो तो विशेषज्ञों को भी प्लान में शामिल करें। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि महाकालेश्वर मंदिर के आस-पास निकलने वाले वेस्ट के लिए उचित प्रबंधन किए जाए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत श्रीराम की नगरी अयोध्या जाने पर तीर्थ यात्रियों के चेहरे खुशी से खिल उठे

## तीर्थ यात्रियों का स्वागत करते हुए यात्रीगण नाचते गाते, भजन गाते अयोध्या के लिए हुए रवाना

**उज्जैन। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत मंगलवार को उज्जैन जिले के तीर्थ यात्री भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में श्री राम मंदिर के दर्शन करने हेतु रवाना हुए यात्रियों का स्वागत प्लेटफार्म नंबर 8 पर करते हुए यात्रियों को यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया गया।**

यात्रियों का स्वागत जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कुमट, एमआईसी सदस्य एवं विभाग प्रभारी जितेंद्र कुवाल, उपायुक्त मनोज मौर्य, जिला पंचायत एवं धर्मस्व विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। उज्जैन जिले से 779 यात्रियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जो अयोध्या में भगवान श्री राम के दर्शन करेंगे तीर्थ यात्रियों द्वारा मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया कि उनके द्वारा तीर्थ यात्रियों को भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतर सिंह देवड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सोलंकी, सतीश सोलंकी, राहुल होलकर, शैलेंद्र भट्ट, धर्मस्य विभाग से डॉ. लक्ष्मी परमार, रूबी यादव, भाजपा नेता उमेश सेंगर, महेंद्र सिंह सोलंकी उपस्थित रहे।

# सादलपुर के बदमाशों ने लूटा था 52 हजार रुपयों से भरा बैग

## वारदात में शामिल 3 बदमाशों के साथ रैकी करने वाला गिरफ्तार







**उज्जैन। फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट के साथ हुई लूट की वारदात का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा खुलासा किया गया। बदमाश सादलपुर धार के रहने वाले हैं। लूट को तीन बदमाशों ने अंजाम दिया था वही चौथा साथी ने रैकी की थी, पुलिस ने बदमाशों को रिमांड पर लेकर 25 हजार नगद, एक एयर गन, दो बाइक और लैपटॉप बरामद किया है।**

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि खाचरोद में 4 फरवरी की सुबह खाचरौद क्षेत्र के लसुड़िया खेमा तथा बाछाखेड़ी आम रोड पर प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के कनेक्शन एजेंट राहुल मेवाड़ा के साथ तीन बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर करीब 52 हजार रुपये और लैपटॉप रखा बैग लूट लिया था। खाचरौद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से चार दिन बाद धार जिले के सादलपुर में रहने वाले तीन बदमाशों मोईन पिता इमरान खान, साहिल पिता शहजाद, अतुल पिता सूर्यमणि यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने अपने चौथे साथी अरमान पिता रोशन खान 21 साल निवासी ग्राम खामरिया थाना खाचरौद की रैकी पर लूट को अंजाम देना कबूल कर लिया। लूट में शामिल चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर चारों के निशानदेही पर लूटी गई राशि में से 25 हजार रुपए, दो बाइक, लैपटॉप और एयर गन बरामद की है। चारों से रिमांड अवधि में पूछताछ जारी है। बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

### अरमान कई दिनों से रख रहा था नजर

पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि खाचरौद का रहने वाला अरमान कई दिनों से कलेक्शन एजेंट पर नजर बनाए हुए था। जो कि पल-पल की खबर हम तक पहुंचता था और किस समय राशि रहती थी उसकी जानकारी देता था। गांव में कलेक्शन के लिए आने पर एजेंट के पास हजारों रुपए की राशि एकत्रित होने की जानकारी के बाद उसने अपने रिश्तेदारों मोईन और साहिल को लूट के लिए तैयार किया। वारदात से पहले तीनों ने अपने दोस्त अतुल को भी शामिल कर लिया और लूटी गई राशि आपस में बांट ली। पुलिस के अनुसार चारों का आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है बावजूद इसके पूछताछ की जा रही है।

### इनकी रही भूमिका

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट का खुलासा करने में खाचरौद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया, एसआई अमित डामर, सुधीर शर्मा, सोमसिंह, यशपाल सिंह सिसोदिया, कृष्णा बैरागी, योगेन्द्र चौहान, जितेन्द्र सिंह सेंगर, सुरेश डांगी, मुकेश गोयल संजय सिंह राणावत, गुलाब सिंह डामोर की भूमिका रही।

# नि:शुल्क शिविर में 403 लोगों को मिली रोशनी

**उज्जैन।** सामाजिक संस्था नई पहल नई सोच द्वारा आयोजित 11वें नि:शुल्क चश्मा वितरण कैंप का समापन हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस शिविर में कुल 403 चश्मे वितरित किए गए। कैंप का उद्घाटन पारस जैन और अनंत नारायण मीणा ने किया। अध्यक्षता पारस जैन ने की। विशेष अतिथि अनंत नारायण मीणा रहे। शेख इलियास और शकेब अख्तर कुरैशी ने जानकारी दी कि चरक भवन सिविल अस्पताल के डॉ. निलेश चंदेल की टीम में शामिल डॉ. शुभम एवं डॉ. सारिका के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम में आरती जीवन गुरु, डॉ. निजाम हाशमी, विजय चौहान, डॉ. फरहद सनवर पटेल, दिनेश श्रीवास्तव, उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत इसराइल खान मंसूरी, आजम बेग, रजाक खान, महबूब पहलवान और सैयद उबेद अली ने किया।

# पिता ने गला घोंटकर की पुत्र की हत्या

**उज्जैन। शराबी पिता से सोमवार-मंगलवार पुत्र का विवाद हो गया। पिता ने गला घोट कर हत्या कर दी और लाश को बाथरूम में बंद कर दिया। सुबह मामले का पता चलते ही पुलिस ने पिता को हिरासत में ले लिया।**

पंवासा क्षेत्र के रघुनंदन गार्डन के पीछे रहने वाले विशाल पिता रायसिंह सोलंकी 22 वर्ष का सोमवार सुबह घर की बाथरूम में शव पड़ा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे और गला दबाया गया था। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो मृतक विशाल के भाई सागर ने बताया कि सुबह विशाल घर में दिखाई नहीं दे रहा था। जब पिता से पूछा तो पिता बोले कि चल बताता हूं उन्होंने बाथरूम का दरवाजा खोला जहां विशाल मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। सागर ने पिता पर ही हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने विशाल की बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाई और पिता की तलाश कर कुछ देर बाद ही राउंडअप कर लिया। पोस्टमार्टम के दौरान विशाल के मामा दिनेश ने बताया कि भांजा विशाल और उसका पिता राय सिंह मिस्त्री का काम करते थे। जीजा शराब पीने का आदी है आए दिन बहन सावित्रीबाई से मारपीट करता रहता था। जीजा और बहन के बीच होने वाले विवाद में विशाल द्वारा बीच बचाव किया जाता था। रात में भी जीजा राय सिंह शराब पीकर आया था जिसका पुत्र विशाल से विवाद हो गया। इसके बाद राय सिंह ने पत्नी और बड़े बेटे को घर से निकाल दिया। वहीं रात में विशाल की हत्या कर दी। पंवासा थाना प्रभारी गमर सिंह मंडलोई के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किया जाना सामने आया है जिसके चलते पिता के खिलाफ हत्या की धारा में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पिता को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

# निगमायुक्त ने किया मछली मार्केट का निरीक्षण

**उज्जैन।** वार्ड 16 फाजलपुरा स्थित बुधवारिया हाट बाजार में नगर निगम द्वारा राशि रुपए 2.13 करोड़ की लागत से निर्मित श्री निषाद राज मछली मार्केट का निरीक्षण मंगलवार को निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता एवं माल विभाग के प्रभारी जयसिंह राजपूत को निर्देशित किया कि मछली मार्केट के बाहर जो अवैध अतिक्रमण किया गया है उसे तत्काल हटाया जाए। मछली मार्केट के संचालन हेतु मछली विक्रेताओं की जो समस्याएं हैं उनके समाधान हेतु व्यापारियों को चर्चा के लिए बुलाया जाकर उनसे चर्चा की जाएगी। जिससे मछली विक्रेताओं की समस्या का समाधान होगा ताकि मछली मार्केट की दुकानों का संचालन प्रारंभ किया जा सके। साथ ही दुकानों की टेंडर प्रक्रिया की जाए।

# शासकीय आईटीआई मक्सीरोड पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट का आयोजन

**उज्जैन।** शासकीय आईटीआई मक्सी रोड प्राचार्य विवेक मिश्रा ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप दिव्यांग युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संस्था द्वारा सार्थक प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम शासकीय आईटीआई मक्सी रोड में दिव्यांग श्रवण बाधित छात्र-छात्राओं के लिए डॉक्टर रेड्डी फाऊंडेशन के साथ विभिन्न कंपनियों फिलपकार्ट, डी मार्ट, राज वर्क इंडस्ट्री जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के लिए प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। प्लेसमेंट ड्राइव में 50 श्रवण बाधित दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया तथा 22 छात्र छात्राओं का अगले राउंड के लिए चयन किया गया। कैंपस ड्राइव प्लेसमेंट अधिकारी मनीषा अरोड़ा एवं प्रशिक्षण अधिकारी रीना गुप्ता माथुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।





# शराब पीने के दौरान विवाद में गरोठ ब्रिज के नीचे दोस्तों ने युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** शराब पीने के दौरान हुए विवाद में दो दोस्तों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर दोस्तों की तलाश शुरू की है।


जयसिंह पुरा का रहने वाला दीपक पिता सुरेश माली 22 साल महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान लगता है। रात में वह दोस्त आकाश और अजय के साथ शराब पीने के लिए आगर रोड स्थित दुकान पर गया था। तीनों ने वहां से शराब खरीदी और गरोठ ब्रिज के नीचे बैठकर पीने लगे। बातचीत के दौरान दीपक का दोनों दोस्तों से विवाद शुरू हो गया। दोस्त आकाश और अजय ने चाकू से हमला कर दिया। सर में लगे चाकू से दीपक लहुलूहान हो गया। दोनों दोस्त मौके से भाग निकले। सूचना मिलने पर चिमनगंज थाना पुलिस पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। उसके बयान दर्ज कर चाकू मारने वाले दोस्तों की तलाश की जा रही है।

# कलश यात्रा का स्वागत

**उज्जैन।** वार्ड 15 स्थित गीतेश्वर महादेव मंदिर पर भव्य कलश की स्थापना की जाएगी। इस हेतु मंगलवार को गीतेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया जो कि शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकली। इस दौरान निकास चौराहा पर निगम अध्यक्ष कलावती यादव, नारायण यादव, रितेश जटिया की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान कलश यात्रा में शामिल साधु संत, महंतों एवं समाज जनों का भी स्वागत पुष्प वर्षा एवं बाबा महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर किया गया। इस दौरान शानू मेहता, धर्मेंद्र परिहार, जितेंद्र कुमावत, रूपेश श्रीवास्तव, डॉ. घनश्याम शर्मा, सावन बजाज, अन्नू भैया, हेमंत पांचाल उपस्थित रहे।

# बीमारी से परेशान 72 साल के वृद्ध ने जहर खाकर की आत्महत्या

**उज्जैन। बीमारी से परेशान वृद्ध ने सोमवार मंगलवार रात जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार सुबह परिजनों ने कमरे में लाश पड़ी देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जांच में सुसाइड नोट मिला है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतक अपने भाई के साथ रहता था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**





माधव नगर थाना क्षेत्र के महानंदा नगर में मंगलवार सुबह राजेंद्र पिता विपिन चंद्र सूद 72 साल का शव घर के कमरे में पड़ा मिला। भाई विजेंद्र कुमार ने पुलिस को सूचना दी। माधव नगर पुलिस जांच के लिए पहुंची जहां सामने आया कि राजेंद्र सूद ने जहर खाकर आत्महत्या की है। मृतक के कमरे से सुसाइड नोट मिला जिसमें लिखा था कि मेरे परिवार को परेशान नहीं किया जाए। मेरा जो भी हिस्सा है सभी को बांट दिया जाए और मेरी देह दान कर दी जाए। पुलिस ने परिवार से पूछताछ की तो भाई विजेंद्र ने बताया कि मूल रूप से सागर के रहने वाले थे काफी समय से उज्जैन आकर साथ में रह रहे थे। विजेंद्र का कहना था कि उनकी हार्डवेयर दुकान है। राजेंद्र ही दुकान पर बैठकर कामकाज संभालता था। पुलिस ने जांच के बाद बॉडी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाई। इस दौरान सामने आया कि मृतक राजेंद्र वृद्धावस्था की बीमारियों से परेशान था, उन्हें ब्लड प्रेशर, शुगर के साथ पेट में तकलीफ की समस्या थी, लेकिन वह भाई के साथ रहने की वजह से अपनी समस्या खुलकर नहीं बता पाए थे। माधव नगर पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

# 10 स्थलों पर जल सुनवाई का आयोजन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव के निर्देशानुसार नागरिकों की पेयजल संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मंगलवार 10 फरवरी को शहर के 10 स्थलों जिसमें गुदरी चौराहा पानी की टंकी, चार धाम टंकी, रवि शंकर नगर टंकी, नागझिरी टंकी, सुभाष नगर टंकी, पार्श्वनाथ टंकी, बसंत विहार टंकी, देवास गेट टंकी, नगर निगम मुख्यालय, कलेक्टर भवन पर जल सुनवाई का आयोजन प्रात: 11 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक किया गया।

**शिव विवाह की धूम** 11 ब्राह्मणों ने गर्भगृह में किया अभिषेक, अभिराम दास महाराज भी पहुंचे दर्शन के लिए

# शिव नवरात्रि के पांचवें दिन छबीना रूप में सजे राजाधिराज भगवान महाकाल


**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में शिव नवरात्रि का उत्सव चल रहा है। मंगलवार को पांचवें दिन भगवान महाकाल को पुजारियों ने गर्भगृह में छबीना के रूप में सजाया। सुबह 11 ब्राह्मणों ने गर्भगृह में अभिषेक-पूजन किया। इसके बाद दोपहर में भगवान को भोग लगाकर आरती की। इसके पश्चात संध्या पूजन किया गया। फिर बाबा महाकाल को छबीना के रूप में चांदी का मुखौटा अर्पित कर श्रृंगारित किया गया। लाल मखमली वस्त्र पहनाए गए। सिर पर शाही पगड़ी, गले में नरमुंड, रुद्राक्ष व फलों की मालाएं पहनाई गई। इस दौरान हिमालय वासी अभिराम दास महाराज भी भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। नंदीहाल से दर्शन के बाद मंदिर प्रबंध समिति ने महाराज का सम्मान किया। विदित हो कि महाशिवरात्रि के चलते प्रतिदिन बाबा महाकाल का श्रृंगार अलग-अलग स्वरूपों में किया जा रहा है। जिसे देखकर आने वाले भक्त निहाल हो रहे हैं।





### फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी 20 दिन में दूसरी बार महाकाल आए



फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने शिव नवरात्रि के दौरान मंगलवार को उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन किए। वे 20 दिनों में दूसरी बार महाकाल आए। बेटे अहान शेट्टी की फिल्म बॉर्डर 2 की सफलता के लिए सुनील शेट्टी ने गर्भगृह के बाहर खड़े होकर बाबा महाकाल का हाथ जोड़कर आभार व्यक्त किया। मंदिर के पुजारी आशीष गुरु ने सुनील शेट्टी का पूजन संपन्न कराया व उनकी ओर से बाबा को गर्भगृह में जल भी अर्पित किया। शेट्टी गत 21 जनवरी को ही अपने पूरे परिवार के साथ महाकाल के दर्शन करने आए थे। उस समय उन्होंने बाबा से फिल्म की सफलता के लिए कामना की थी। मंदिर परिसर में उन्होंने मीडिया से कहा कि वे हमेशा बाबा के चरणों में माथा टेकने आते रहेंगे। पुजारी आशीष गुरु ने सुनील शेट्टी को भगवान महाकाल का प्रसाद भेंट किया।

# जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर प्रतिबंध

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के आदेश अनुसार विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से जिले की राजस्व सीमा में ध्वनी विस्तारक यंत्र पर सशर्त प्रतिबंध लागू किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में शैक्षणिक सस्थानों में परीक्षाएं संचालित की जा रही है। यह भी अवलोकनीय है कि वर्तमान में विवाह एवं अन्य उत्सवों में ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षाओं को तथा विद्यार्थियों के अध्ययन में उत्पन्न होने वाली बाधा को दृष्टिगत रखते हुए उज्जैन जिले की राजस्य सीमा अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यत्र पर सशर्त प्रतिबंध लगाया गया है। अत: जिला शिक्षा अधिकार, पुलिस अधीक्षक एवं प्रबुद्धजनों के सुझाव अनुसार उज्जैन जिले की राजस्व सीमा अन्तर्गत आयोजित होने वाली परीक्षाओं एवं अध्ययन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिवसों में जिले की कानून एवं शांति व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा, विद्यार्थियों की सुविधा व अन्य आवश्यक सुव्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दृष्टि से भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता 2023 की धारा 163 (1) अतंर्गत निषेधाज्ञा लागू की जाती है। कोई भी व्यक्ति, समूह, संस्था या अन्य पक्ष डी.जे. अथवा बैण्ड का संचालक, बैंड, डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग बिना अनुमति के नहीं करेगा। किसी भी अनुमत्य कार्यक्रम में यदि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जाता है तो सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार एवं मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाएगा। निर्धारित परिवेशीय ध्वनि मानक 10 डेसिबल से अधिक ध्वनि करने वाले लाउड स्पीकर पूर्णत: प्रतिबंधत रहेंगे। शांति-कानून व्यवस्था तथा आमजन की सुरक्षा व सुविधा में संलग्न शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित एवं डयूटीरत पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों एवं उनके वाहनों के लिए यह निर्देश लागू नहीं होंगे। जिले में पदस्थ अनुविभागीय दण्डाधिकारी आवश्यक होने पर किसी पक्ष के आवेदन पर अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) से परामर्श कर आवश्यक प्रतिबंध, शर्तों सहित किसी कार्यक्रम एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति प्रदान करने के लिए अधिकृत होंगे।